उस मिलिट्री से और आई०एस०आई० से जिसने हमारे मुल्क के अम्न को जंग के माहौल में बदलकर पूरे हिंदुस्तान ही को नक्जे आलम का निशाना नहीं बनाया बल्कि पूरी दुनिया में अपने आतंकवाद का एक चिह्न पैदा किया है, तो क्या ऐसी हुकूमत से,—जो हुकूमत खुद कारगिल की जंग की डायरेक्ट जिम्मेदार है, आज जो हुकूमत है, और हमारे डिफेंस मिनिस्टर साहब के कहने के मुताबिक हम मानते भी हैं-निपटने में हमारी हुकूमत क्या कठोर कार्यवाही करेगी जिससे पाकिस्तान के आतंकवाद के सारे सुराख बंद किए जा सकें?

**श्री जार्ज फर्नान्डीज:** सभापति जी, इनकी हुकूमत से हमारी कोई जंग नहीं है और न हो सकती है। वह तो उनके देश के भीतर वे किस प्रकार की हुकूमत बनाए रखें यह तो पाकिस्तान के लोगों का कार्य है। जहां तक हमारे देश के साथ उनका जो बर्ताव हो रहा है, विशेषकर काश्मीर के इलाके में, उसका सवाल है तो उसका जवाब तो हम लोग देते आए हैं और देते रहेंगे।

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, I would like to have one clarification from the Minister relating to Q. No. 341.

MR. CHAIRMAN: No, no. We have already consumed half an hour on this question. Now, Question No. 342.

**Restoration of rural infrastructure in Orissa**

*342. DR. M.N. DAS: Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have taken note of the severe devastation over extensive rural areas in Orissa due to the Super-Cyclone of 29th-30th October, 1999; and

(b) if so, whether Government have contemplated comprehensive measures to restore rural infrastructure in the affected areas?

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI SUNDAR LAL PATWA): (a) Yes, Sir.

(b) The state of Orissa has been allocated an amount of Rs. 56.67 crore in the Calamity Relief Fund for the current year, consisting of Rs. 42.50 crore as Central contribution and Rs. 14.17 crore as State share. Entire Central share of Rs. 42.50 crore has been released. Further, an amount of Rs. 500 crore has been released on adhoc basis from the National Fund for Calamity Relief suspending the laid down procedure. Besides, an amount of Rs. 450 crore has also been released to the State as advance plan assistance.

In addition, Ministry of Rural Development has released an amount of Rs. 146.09 crore as advance instalments for implementing the programmes of the Ministry which, *inter alia,* would help in rehabilitation/reconstruction. The Ministry has indicated to Government of Orissa that one more instalment can be released after the State Government gives feedback on the utilisation and situation with regard to rural development schemes. The following programmes relate to rural infrastructure. The

amounts already released for these programmes are as under:

| | |
|---|---|
| Employment Assurance Scheme (EAS) | Rs. 37.39 crore |
| Jawahar Gram Samridhi Yojana (JGSY) | Rs. 24.02 crore |
| Indira Awaas Yojana (IAY) | Rs. 24.14 crore |
| Accelerated Rural Water Supply Programme (ARWSP) | Rs. 48.48 crore |
| Central Rural Sanitation Programme (CRSP) | Rs. 5.28 crore |

For other schemes, an amount of Rs. 6.78 crores has been released.

SHRI M.N. DAS: Sir, with due apology to the hon. Minister, I should say that perhaps, the Minister has not clearly appreciatetd the magnitude of the super-cyclone even though the world community has recognised it as one of the worst disasters of the whole century. Sir, my question was regarding rural development, and when we talk of rural development, we must not forget that out of 15 million people affected by the super-cyclone, 12 million people happened to be rural inhabitants, and when we think of rural infrastructure, we have to pay attention to three elements of infrastructure. One is communication system. The other is health service and the third one is education.

Sir, regarding communication system, I have to inform the House that 12,000 kms. of rural roads are even now unusable. Hundreds and thousands of breaches are there with heavy vehicular traffic. Even the Army could not penetrate for rescue operations to some of the remote rural areas. Unless something is done to repair the roads, to make them usable for the common people, how can they come out of the villages for their livelihood?

Sir, coming to education, I should draw the attention of the hon. Minister that 4,000 high schools and 15,000 primary schools have been totally destroyed or have been very badly damaged, and if we see hundreds of thousands of our pupils are not able to go to schools for the whole year or, may be, for another year more, what will happen to our future generation? Sir, there is a Chinese proverb: "If you want to plan for one year, cultivate your fields. If you want to plan for one generation, educate your child, and if you want to plan for a century, plant trees." Sir, if we want to plan for our current generation or for our generation of the coming century, we have to immediately pay attention to rebuild the schools.

MR. CHAIRMAN: You are giving suggestions. Please put a question.

SHRI M.N. DAS: And the question is, the Minister is not aware of that thing. Similarly, is the Minister aware of the fact that about 15,000 rural health centres have been totally destroyed or very badly damaged and the health centres have been dislocated and thrown into confusion? The Minister says in his reply that he has allotted Rs. 5 crores for the Central Rural Sanitation Programme. That was the amount allocated for the cyclone. After the cyclone, to avert epidemics, they had to supply medicines. But that does not solve the real problem. Unless you build up the primary health centres

once again, people won't be able to go there for treatment and get medical aid. That is the problem.

MR. CHAIRMAN: Put your question.

SHRI M.N. DAS: My question, Sir, is...

MR. CHAIRMAN: Question Hour is for asking questions, and not for explaining the problems.

SHRI M.N. DAS: My question, Sir, is: Why shouldn't this Government, after declaring again and again....

MR. CHAIRMAN: No commentary is required. Put a question.

SHRI M.N. DAS: My question is this: The natural calamity is of the severest nature. Why shouldn't the Government declare it a national calamity?

MR. CHAIRMAN: This you could have done in half a second!

SHRI M.N. DAS: My question to the Minister is this. Why can't this natural calamity be declared a national calamity? That is the question.

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, please reply now.

**श्री सुन्दर लाल पटवा:** सभापति जी, नेशनल केलेमिटी डिकलेयर करना, यह ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है। जहां तक इसका उत्तर देने का प्रश्न है, अन्य सक्षम मंत्रालय से प्रश्न पूछें तो उचित होगा। दूसरा, जहां तक राशि जारी करने का सवाल है, जैसा आपने अपने प्रश्न में पूछा है कि क्या चक्रवात के कारण ग्रामीण विकास मंत्रालय का दूर-दूर तक हुई भंयकर तबाही पर ध्यान गया है, उसका उत्तर मैंने दिया है —जी हां, गया है। अगला आपने पूछा है कि प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण बुनियादी सुविधाएं बहाल करने हेतु .....(व्यवधान)

***मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** यह कौन सा जवाब है, सर?

**श्री सुन्दर लाल पटवा:** माननीय सदस्य ने पूछा है, उसी का मैं जवाब दे रहा हूं।

**श्री संघ प्रिय गौतम:** जैसा उन्होंने सवाल रखा है वैसा जवाब मिल रहा है।

**श्री सुन्दर लाल पटवा:** सभापति जी, जो मुझसे पूछा गया है और जिसका उत्तर देने के लिए मैं जिम्मेवार हूं, वहीं जवाब मैं दूंगा। जैसा तेरा गाना वैसा मेरा बजाना।

**श्री सभापति:** श्री सनातन बिसि।

**श्री सनातन बिसि:** चेयरमैन साहब, मेरा मूल प्रश्न जैसा वहां डिवास्टेशन हुआ है और जैसा वहां रिलीफ चाहिए, उससे संबंधित है। अब जो इनकी गाइडलाइन हैं, जो इस प्रोग्राम की गाइडलाइन हैं,

उसके अनुसार The Employment Assurance Scheme is being reconstructed on the following guidelines:

* *Transliteration of the Speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.*

'The funds to the State will be allocated in accordance with the criteria to be decided by the Government/National Development Council from time to time and also to the districts on the index of backwardness evolved at the Centre.'

चेयरमैन सर, इसमें बैकवर्ड जो क्राइटेरिया है, जिस ढंग से सुपर साइकलोन हुआ है, कंपलीटली डिवास्टेड हो गया है उसको देखते हुए इस गाइडलाइन को बदलना चाहिए। दूसरा, चेयरमैन साहब, यह जो बीपीएल लिस्ट है, बीपीएल लिस्ट के हिसाब से पावर्टी एलीवेशन प्रोग्राम में जितना होता है उसी हिसाब से बेनीफिशरीज को हेल्प दी जाती है। सरकार से मैं यह जानना चाहता हूं कि इन दोनों के लिए जो गाइडलाइन है, जो क्राइटेरिया है, उसको आप चेन्ज करेंगे या नहीं करेंगे? अगला भाग मेरे प्रश्न का है कि जितना रुपया दिया गया है उसमें से कितना इन्फ्रस्ट्राक्चर पैदा हो सकेगा और कम्युनिटि असेट कितना हो सकेगा?

**श्री सुन्दर लाल पटवा:** सभापति जी, जहां तक आपने प्रश्न किया है राशि आवंटन का, मैंने अपने उत्तर में कहा है कि जो राशि आवंटित की गई है उसका अगर उपयोग कर आप जवाब दे तो हम और जारी करने के लिए तैयार हैं।.....**(व्यवधान)**

**श्री सनातन बिसि:** चेयरमैन सर, मेरा प्रश्न था, Is there any relaxation in the guidelines? Is there any relaxation as per the BPL list? The BPL list should be revised. People have lost everything there. There is pauperism and whatever assets they had, have been completely washed away. So the BPL has to be revised. Unless and until the guidelines are changed...*(Interruptions)*. Sir, have, I made myself clear? *(Interruptions)*

सर, गाइडलाइन में लिखा हुआ है बैकवर्डनेस के लिए है, वह बैकवर्डनेस के लिए कालाहांडी बोलांगीर को चला जाएगा, लेकिन बात अभी बैकवर्डनेस की नहीं है, अभी पूरा जो डिवास्टेड हो गया, सुपर साइकलोन हो गया, तो यह दोनों गाइडलाइन जब तक चेन्ज नहीं करेंगे यह जितना रुपया अभी आप दे रहे हैं वह गाइडलाइन के हिसाब से कोई भी यूटिलाइज नहीं होगा।

**श्री सुन्दर लाल पटवा:** सभापति जी, जहां तक गाइडलाइन को चेन्ज करने का प्रश्न है, राज्य सरकार के करसपोंडेंस का जो हमने उत्तर दिया है, उसमें हमने उनसे कहा है कि हम गाइडलाइन चेन्ज करने के लिए सक्षम नहीं हैं, परन्तु आप अगर तैयार हों तो हम समुचित प्रयास करके आपको अधिक सहायता दिला सकते हैं, निर्माण कार्यक्रम योजना में इसका प्रबंध है, बीपीएल के अलावा और भी योजना हैं। कोई ढाई लाख आवास उन्होंने हमसे चाहा था और ढाई लाख आवास की मांग पूरी करने के लिए हम तैयार हैं। वह चाहते हैं कि रुपए 20,000 से आंकड़ा बढ़ाइए, हमने 22,000/- रुपया, जितना हमारी क्षमता थी, उसी अनुसार बढ़ाया है, लेकिन वह 30,000/- चाहते हैं और राज्य का अंश देना नहीं चाहते हैं। यह हमारे वश की बात नहीं हैं उनको वित्त विभाग के पास या योजना आयोग के पास जाने की आवश्यकता है।

**श्री एच० हनुमनतप्पा:** गाना सही था, बजाना पुराना है।...**(व्यवधान)**... साइक्लोन के बारे में बजाना चेंज करना पड़ेगा, यही तो बात है। डिमांड वही है साइक्लोन के बारे में, बजाना चेंज करने की जरूरत है ...**(व्यवधान)**...

**श्री सनातन बिसी:** चेयरमैन साहब, उनका, मिनिस्ट्री का जो एन्युअल रिपोर्ट है, उसमें है कि केन्द्र से जाता है 75 परसैंट, पूरी गाइडलाइंस केन्द्र से होती हैं, उड़ीसा सरकार कोई गाइडलाइंस चेंज नहीं कर पाएगी। तो इसमें जितनी गाइडलाइंस हैं, उनको केन्द्र रिलैक्स कर सकती है राज्य सरकार चेंज नहीं कर सकेगी।

**श्री सुंदर लाल पटवा:** जानकारी और आवश्यकता जो है, जो उन्होंने मुझे बताई है, आप कहें तो मैं पूरी पढ़ देता हूं ....

**श्री सभापति:** नहीं, नहीं, उसे पढ़ने की जरूरत नहीं है। मंत्री जी, उन्होंने सवाल किया है कि आप गाइडलाइंस चेंज करेंगे?

**श्री सुंदर लाल पटवा:** हम नहीं कर सकते।

**श्री सभापति:** आप कहते हैं, हम नहीं कर सकते तो कौन कर सकता है? वे कहते हैं, स्टेट गवर्नमेंट नहीं कर सकती, तो कौन करेगा?

**श्री सुंदर लाल पटवा:** गाइडलाइंस अगर चेंज करनी हैं तो उसके लिए वित्त मंत्रालय या योजना आयोग को कहना ......

**श्री सभापति:** आप कहेंगे उनको?

**श्री सुंदर लाल पटवा:** जी नहीं।

**श्री सभापति:** कौन कहेगा उनको?

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Mr. Chairman, Sir, this is a very serious matter. Look at the whole question and the answer given by the Minister. The heading of the question is "Restoration of rural infrastructure in Orissa". Part (b) of the question is specifically in regard to rural reconstruction of Orissa. The answer to part (b) of the question deals with a series of relief funds. The hon. Minister, who was the Chief Minister of a State, should be aware of the fact that there is a distinction between relief and rehabilitation and that there is a distinction between rehabilitation and restoration. In that context, a pointed question was asked whether the guidelines dealing with the backwardness of the areas and the guidelines dealing with the sharing of the contribution between the Centre and the State would be changed. The Government of India is one. It is the collective responsibility of the Government. It is on record, if I have heard it correctly, where the Rural Development Minister says that he has no role to play and even he cannot tell the Union Finance Minister or the Cabinet, as a whole, to change the guidelines. Therefore, I would like to know specifically from the hon. Minister, what is his contribution in regard to restoration work. What you have stated in part (c) of the answer is that you have released Rs. 146.09 crores as advance. There is not even a paisa as additionality. You have provided the allocation for 12 months in advance. The question is this. What is the additionality for rural reconstruction work in Orissa? What have they demanded? To what extent are you meeting that?

The second point is whether the Rural Development Ministry is concerned about the need for changing the guidelines in the context of the super-cyclone to provide adequate assistance for restoration work in Orissa.

**श्री सुंदर लाल पटवा:** श्रीमन्, माननीय सदस्यों की चिंता से मैं अवगत हूं सहमत भी हूं। मेरी प्रार्थना सुनें, जो मैं कहना चाहता हूं। ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम, सुनिश्चित रोज़गार योजना, जवाहर ग्राम समृद्ध योजना, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोज़गार योजना, इन योजनाओं के अंतर्गत आवागमन के मार्गों के पुनर्निमाण का काम होता है। आवागमन के मार्गों का अलग से कोई कार्यक्रम हमारे विभाग के अंतर्गत नहीं है। इन योजनाओं के अंतर्गत जो आवागमन के मार्गों का कार्यक्रम होता है, उनकी तो राशि राज्य सरकार को आबंटित की जा चुकी है लेकिन हम 300 करोड़ रुपए और देने के लिए तत्पर हैं ...(**व्यवधान**)...

**श्री नागेन्द्र नाथ ओझा:** सभापति जी, ....

**श्री सभापति:** बैठिए, उनको जवाब देने दीजिए।

**श्री सुंदर लाल पटवा:** हम उनको 300 करोड़ रुपए और देने के लिए तत्पर हैं और यह हम राज्य सरकार को सूचित कर चुके हैं। उसमें हमने यही आग्रह किया है कि जो राशि आपके पास लम्बित है, पेंडिंग है, उस राशि को खर्च करने के बारे में आप हमको सूचित कीजिए, हम और राशि देने को तैयार हैं। आपकी चिंता से मैं सहमत हूं।

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, he has not answered the hon. Member's questions. (*Interruptions*)...

**श्री नागेन्द्र नाथ ओझा:** महोदय, जिन योजनाओं का नाम लिया गया है उनसे आवागमन के मार्गों का निर्माण होता है.......(**व्यवधान**)

**श्री संघ प्रिय गौतम:** भारत सरकार की योजनाएं अलग हैं, राज्य सरकार की योजनाएं अलग हैं।.....(**व्यवधान**)

**श्री नागेन्द्र नाथ ओझा:** महोदय, गलत सूचना दी जा रही है और आवागमन के मार्गों को दुरुस्त करने. ......(**व्यवधान**)

**श्री सभापति:** आपसे मैंने बोलने के लिए नहीं कहा, आप अपने आप बोल रहे हैं।

**श्री सुंदर लाल पटवा:** श्रीमन्, निर्माण करना केन्द्र सरकार के जुम्मे नहीं है। सड़क बनाना......(**व्यवधान**)

**श्री नागेन्द्र नाथ ओझा:** निश्चित रोजगार योजना......(**व्यवधान**)

**श्री सुंदर लाल पटवा:** आप जरा सुनें।...... (**व्यवधान**) सभापति महोदय, यदि ये सुनने की कृपा करेंगे तो मैं उनको संतुष्ट कर सकूंगा।......(**व्यवधान**)

**श्री रामचन्द्र खूंटिआ:** उड़ीसा के चक्रवात को यह गाने-बजाने की बात......(**व्यवधान**)

**श्री एम. वेंकैया नायडु:** सर, यह क्या हो रहा है।

**श्री सुंदर लाल पटवा:** ये सुनना ही नहीं चाहते......(**व्यवधान**)

**श्री सभापति:** आप बैठ जाइए।......(**व्यवधान**)

**श्री सुंदर लाल पटवा:** श्रीमन्, मैं स्पष्ट कर चुका हूं कि संविधान के द्वारा जो मर्यादाएं सुनिश्चित हैं, जो अधिकार सुनिश्चित हैं, निर्माण करना, वहां पर काम करना, घर बनाना, सड़कें बनाना यह राज्य सरकार का विषय है। हमारा विषय है पैसा देना। अब जितना मांगा उतना दिया। जो उनके पास पड़ा है वह खर्च कर दें उसके बाद और देने के लिए हम तत्पर हैं। मेरे विभाग से संबंधित......(**व्यवधान**)

SHRI JANARDHANA POOJARY: He has not replied to that part of the question which Mr. Pranab Mukherjee had put. (*Interruptions*)

SHRI DIPANKER MUKHERJEE: He should come up with a proper answer. (*Interruptions*) This is not the way. (*Interruptions*)

DR. MANMOHAN SINGH: Sir, I say, in all sincerity, that the answer that has been given by the hon. Minister, I think, represents a somewhat casual approach to the massive destruction and devastation that Orissa has suffered. The answer is in terms of advance plan assistance; the answer is in terms of releases under the existing schemes. Everyone, who is familiar with the grave situation in Orissa, knows that the development of Orissa has received a setback of atleast 15 to 20 years. Therefore, it requires a new thinking, a new approach and I would ask the hon. Minister whether he would ask the other wings of the Government, including the Planning Commission, to prepare an integrated scheme for the rehabilitation and re-development of Orissa's rural infrastructure so that the State's economy comes up to the level where it should be.

**श्री सुंदर लाल पटवा:** श्रीमन्, माननीय नेता प्रतिपक्ष की चिंता से मैं फिर अपने आपको सहमत करता हूं। प्रकृति द्वारा प्रदत्त तो आपदा है उसके लिए प्रधान मंत्री जी ने चिंता करके रक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में या उनके संयुक्त तत्वाधान में पर्याप्त प्रबंध किया है। यह सब मिल कर सरकार की चिंता और इस बात से उसकी सहमति दर्शाता है, आपकी चिंता का जो विषय है वह मेरी भी चिंता का विषय है। मेरा कार्यक्षेत्र सीमित है। मुझ से जो प्रश्न पूछा गया है वह सीमित दायरे का प्रश्न है और जो एडवांस राशि जारी की गई है सारी प्रक्रियाओं को निलम्बित करके उसके अतिरिक्त और भी राशि है। आप मुझे सड़क बनाने का अधिकार दे दें, मैं चला जऊंगा, बनवा दूंगा, पर वह अधिकार मुझे नहीं है। मुझे पैसा जारी करने का अधिकार है। जो निर्माण कार्य करना है वह राज्य सरकारों को करना है।

**श्री जनेश्वर मिश्र:** डा. मनमोहन सिंह जी ने कहा कि वहां के बारे में प्लानिंग कमीशन से बात करेंगे। उस पर तो कुछ कहा ही नहीं जा रहा है कि अतिरिक्त राशि वगैरह पहुंच गई।......(**व्यवधान**)

**श्री जलालुदीन अंसारी:** ग्रामीण विकास का क्या-क्या काम हो रहा है वहां जाकर देखेंगे।......(**व्यवधान**)

**श्री संघ प्रिय गौतम:** उन्होंने तो पैसा दिया है......(**व्यवधान**)

*श्री जलालुदीन अंसारी: वहां पर लोग खुले आसमान में पड़े हैं।......(व्यवधान)....

श्री रामदास अग्रवाल: यहां से तो बहुत पैसा दिया है इसलिए खुद जाकर देख लीजिए। ......(व्यवधान)....... वहां पर लोग खुले आसमान में ठंड में पड़े हुए हैं। ......(व्यवधान)......

*श्री जलालुदीन अंसारी: राज्य सरकार अगर ठीक से काम नहीं करती है तो केन्द्र सरकार कार्रवाई करे। ......(व्यवधान).... ·

श्री सभापति: डा. मनमोहन सिंह जी।

DR. MANMOHAN SINGH: Sir, the point I had raised was that the magnitude of devastation suffered by Orissa was so grave that the normal mechanism of Plan assistance including the Central assistance schemes cannot meet the challenge of the situation. Therefore, I would like to know whether the Central Government would consider some new mechanism to tackle the gravity of the devastation that Orissa has suffered as a result of the super-cyclone.

श्री सुंदर लाल पटवा: सभापति महोदय, जहां तक टोटल डिमांस्ट्रेशन का और उसके प्रति केन्द्र सरकार के प्रबंध की जिम्मेदारी है, मैं सोचता हूं कि अगर आप अनुमति दें तो जार्ज साहब इसका स्पष्टीकरण ठीक से कर देंगे। ......(व्यवधान)....

कुमारी सरोज खपर्डे: ऐसा होता नहीं है। जो स्पेसिफिक प्रश्न है उसका जवाब मंत्री जी को देना चाहिए।........(व्यवधान)....

श्री सुंदर लाल पटवा: सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई टास्क फोर्स के वह संयोजक है। अगर आप मेरे विभाग से संबंधित प्रश्न का उत्तर चाहते हैं तो मैं उत्तर देने के लिए तत्पर हूं। आपकी चिंता से मैं सहमत हूं। आपने कहा है कि खुले आसमान में वहां लोग पड़े हुए हैं, मैं इससे सहमत हूं। इसका मुझे भी दुख है।....(व्यवधान)....

*श्री जलालुददीन अंसारी: आप इसका रीजन बताइये। ....(व्यवधान)....

श्री रामदास अग्रवाल: राज्य सरकार की भी जिम्मेदारी है। इसके बारे में आप केवल केन्द्र सरकार को ही क्यों कहते है?....(व्यवधान)....

कुमारी सरोज खपर्डे: सभापति महोदय, यह सवाल इनके विभाग से संबंधित है और मंत्री महोदय कह रहे हैं कि जार्ज साहब इसका जवाब दें। मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मंत्री जी ऐसा क्यों कह रहे है क्योंकि ऐसा कभी नहीं हुआ है। प्रश्नोत्तर काल में जिस मंत्रालय से संबंधित माननीय सदस्य सवाल पूछते हैं उसका उत्तर उसी मंत्रालय के मंत्री देते है। अब जार्ज साहब पीछे बैठे है। वे पीछे बैठकर मुस्करा रहे हैं क्योंकि वे कुछ बोल नहीं सकेंगे। आप इस प्रकार की नई-नई परम्पराएं मत डालिए।....(व्यवधान)....

श्री सुंदर लाल पटवा: सभापति महोदय, ....(व्यवधान).... प्रश्न तो ....(व्यवधान)....

श्री राजनाथ सिंह "सूर्य": आपकी राज्य सरकार तो कुछ नहीं करती है। ....(व्यवधान)....

* Transliteration of the Speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.

**कुमारी सरोज खापर्डे:** आप कितने सिंसियर हैं, वह आपके उत्तर से पता चल रहा है। ....(व्यवधान)....

**श्री राजनाथ सिंह "सूर्य":** वहां पर तो मुख्य मंत्री बदलने का खेल चल रहा है। ....**(व्यवधान)**....

**श्री सुंदर लाल पटवा:** सभापति महोदय, जो तत्काल सहायता राशि पहुंचाने का कार्य है उसके बारे में जो लोग खुले आसमान में पड़े हुए है, उनके लिए 10 हजार पोलिथिन सीट हमसे तुरंत मांगी गई थीं, वह हमने उपलब्ध करा दी है। हमसे और भी कोई तत्काल राहत का काम करवाना चाहते है तो उसके लिए भी हम राशि उपलब्ध करवा सकते है। ....**(व्यवधान)**....

***श्री जलालुदीन अंसारी:** वहां पर 10 हजार पोलिथिन सीट से क्या होगा? ....**(व्यवधान)**.... आप उनके लिए कोई मेकेनिज्म बनाइये। ....**(व्यवधान)**....

**श्री सुंदर लाल पटवा:** सभापति महोदय, जो काम राज्य सरकार को करना चाहिए वह काम मुझसे करवाना चाहते हैं। ....**(व्यवधान)**.... राज्य सरकार को जो काम करना चाहिए, वह काम आप मुझसे करवाना चाहते हैं? ....**(व्यवधान)**....

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** सर, इस सवाल का जबाव प्रधानमंत्री जी को देना चाहिए। ....(व्यवधान)....

**श्री टी. एन. चतुर्वेदी:** आप राज्य सरकार की क्षमता के बारे ....**(व्यवधान)**....

**श्री सुंदर लाल पटवा:** राज्य सरकार ने ....**(व्यवधान)**

**श्री टी. एन. चतुर्वेदी:** रिलीफ जो वहां पर पहुंची है, वह भी लोगों को नहीं दी गई है। ....**(व्यवधान)**....

***मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** सर, इस सवाल का जबाव प्रधान मंत्री जी को देना चाहिए। ....(व्यवधान)....

**श्री राजनाथ सिंह "सूर्य":** इस सवाल का जबाव राज्य सरकार से लीजिए। ....**(व्यवधान)**.... जो सामान पहुंचा है उसे भी नहीं बांटा गया है। ....**(व्यवधान)**....

**श्री सुंदर लाल पटवा:** इस सवाल का जबाव राज्य सरकार से लीजिए। ....**(व्यवधान)**.... जो सामान वहां पहुंचा है उसे भी उतार नहीं पा रहे हैं। इसके बारे में आप मुझसे सवाल पूछ रहे हैं? ....**(व्यवधान)**....

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

---

## WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

### Withdrawal of hank yarn obligations

*343. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether Government plan to withdraw the hank yarn obligations on the cotton spinning industry which has lost its relevance;

(b) if so, by when; and

* Transliteration of the Speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.